जिला एवं सत्र न्यायालय, सुलतानपुर

(नजारत अनुभाग)

नीलामी की सूचना

दिनांक: 18.02.2022

जनपद न्यायालय, सुलतानपुर की निस्तारण समिति द्वारा अभिलेखागार से निष्प्रयोज्य घोषित किये गये कागज व उनकी नीलामी हेतु की गयी संस्तुति के अनुक्रम में रद्दी कागजों की नीलामी होनी है। जिसके अनुक्रम में उक्त कागजों का न्यूनतम मूल्यांकन 7 रुपये प्रति किलो निर्धारित किया गया है तथा इसी मूल्य या इससे अधिक मूल्य की खुली बोली नीलामी हेतु आमंत्रित की जाती है । नीलामी हेतु कुल कागज लगभग 1000 किलो अनुमानित है। इच्छुक निविदा दाता दिनांक 07-03-22 को सांय 04.00 बजे उपस्थित रह कर खुली निविदाए एवं बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं । नीलामी प्रति किलो की दर अनुसार होगी । नीलामी बोली स्वीकार होने के पश्चात electronic वजन मापन यंत्र से वजन कर कागज दिया जाएगा ।

यह भी अवगत करना उचित होगा कि उच्चतम निविदाकर्ता अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि रहकर दाता नीलामी धनराशि का 25 प्रतिशत उसकी बोली स्वीकार होने पर उसी दिन जमा करनी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत धनराशि 5 दिवस के अन्दर जमा करनी होगी । यदि नियत राशि जमा नही करवाई जाती है तो पूर्व में जमा करवाई गयी सम्पूर्ण राशि राज्य के पक्ष में समाहित कर ली जाएगी तथा निविदाकर्ता/बोली कर्ता के समस्त अधिकार समाप्त समझे जायेंगे । अगर कुल नीलामी धनराशि बीस हजार रुपये से ज्यादा होती है तो सम्पूर्ण राशि पर 2% G.S.T. अतिरिक्त निविदा दाता द्वारा देय होगा ।

नीलामी होने वाले कागजों का अवलोकन किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय (10.00 AM-05.00 PM) पर कर सकते हैं । नीलामी की सूचना जनपद न्यायालय की website (http://districts.ecourts.gov.in/sultanpur) तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की website (http://www.allahabadhighcourt.in) पर देखी जा सकती है । अन्य विवरण केन्द्रीय नाजिर, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय से प्राप्त किये जा सकते हैं ।

सूचना सूचनापटल में चस्पा की जाये एवं परिचालित की जाये ।

(अध्यक्ष) 18/02/22

निस्तारण समिति/

अपर जिला न्यायाधीश,

सुलतानपुर